## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।





आज दिनांक- 20.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 20.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः-20.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश  बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

### बैंक चेकिंग




@MahobaPolice

@MahobaPolice

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का किया सफल अनावरण, चोरी की घटना कारित करने वाले 02 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल की बरामद-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 19.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गयी उ0नि0 आकाश मौर्य मय हमराह कां0 तुषार सिंह व कां0 नरेन्द्र बाबू के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 84/2025 धारा- 303(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 02 नफर वाँछित अभियुक्तगण क्रमशः 1.काशी अहिरवार पुत्र प्रमोद उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बघौरा थाना अजनर जनपद महोबा 2.दयाशंकर बसोर पुत्र अशोक उम्र करीब 22 वर्ष निवासी कस्बा व थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर (म0प्र0) को UP/MP बिजौरी बार्डर बहद ग्राम बिजौरी थाना अजनर के पास से चोरी की गयी वादी मुकदमा की मोटर साइकिल टी0वी0एस0 अपाचे के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 317(2) बी0एन0एस0 की बढोत्तरी की गयी है, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 आकाश मौर्य
2. कां0 नरेन्द्र बाबू 3. कां0 तुषार सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. काशी अहिरवार पुत्र प्रमोद उम्र करीब 19 वर्ष नि0 ग्राम बघौरा थाना अजनर जनपद महोबा
2. दयाशंकर बसोर पुत्र अशोक उम्र करीब 22 वर्ष निवासी कस्बा व थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर म0प्र0

### बरामदगी विवरण-

चोरी की गयी 01 अदद मोटर साइकिल टी0वी0एस0 अपाचे नं0 UP95Y4295



## थाना अजनर पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगा जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध जुआ/सट्टा पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 19.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़, श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अजनर श्री सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा गठित की गयी उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी व उ0नि0 आकाश मौर्य मय हमराह कां0 नरेन्द्र बाबू, कां0 तुषार सिंह व कां0 पंकज कुमार द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बघौरा के पास सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 04 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.देवसिंह पुत्र वंशगोपाल यादव उम्र करीब 28 वर्ष 2.बृजभूषण पुत्र त्रिभुवन अहिरवार उम्र करीब 26 वर्ष 3.रामकृष्ण उर्फ भगत पुत्र दस्सू बरार 4.भज्जू पुत्र कुद्दू अहिरवार समस्त निवासीगण ग्राम बघौरा थाना अजनर जनपद महोबा को नियमानुसार पुलिस हिरासत में लिया गया। जिनके कब्जे से मालफड़ 1600 रुपये, जामातलाशी 600 रुपये व 52 अदद ताशपत्ते बरामद हुए। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 86/2025 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1.उ0नि0 राधामोहन त्रिवेदी
2.उ0नि0 आकाश मौर्य
3.कां0 नरेन्द्र बाबू 4.कां0 तुषार सिंह 5.कां0 पंकज कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्तगण–

1.देवसिंह पुत्र वंशगोपाल यादव उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम बघौरा थाना अजनर महोबा
2.बृजभूषण पुत्र त्रिभुवन अहिरवार उम्र करीब 26 वर्ष नि0 ग्राम बघौरा थाना अजनर महोबा
3.रामकृष्ण उर्फ भगत पुत्र दस्सू बरार निवासी ग्राम बघौरा थाना अजनर जनपद महोबा
4.भज्जू पुत्र कुद्दू अहिरवार निवासी ग्राम बघौरा थाना अजनर जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खरेला की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आपराधिक कार्यों में संलिप्त रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 19.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला श्री सत्यपाल सिंह द्वारा गठित उ0नि0 मो0 कलीम उस्मानी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 16/25 धारा 137(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश मे आये 01 नफर वांछित अभियुक्त अंकित कुशवाहा पुत्र रामखिलावन उम्र 22 वर्ष निवासी मो0 बजरंग नगर छतरपुर थाना सिविल लाईन छतरपुर जनपद छतरपुर (म0प्र0) को कस्बा खरेला जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं साक्ष्यों व बयानों के आधार पर धारा 87/64(1) बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी की गई। मुकदमें से सम्बन्धित पीडिता/अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया गया है जिसके सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। प्रकरण में बाद आवश्यक कार्यवाही गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम–

1. उ0नि0 मो0 कलीम उस्मानी
2. म0उ0नि0 नैन्सी प्रजापति
3. का0 प्रवीन कुमार यादव 4.का0 अभिषेक कुमार

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–

अंकित कुशवाहा पुत्र रामखिलावन उम्र 22 वर्ष निवासी मो0 बजरंग नगर छतरपुर वार्ड नं0 17 थाना सिविल लाईन छतरपुर जिला छतरपुर म0प्र0



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 20.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण माहौल में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 20.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री अवधेश मिश्रा द्वारा गठित उ0नि0 निकिता शुक्ला व उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल मय हमराह कां0 विकास सरोज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 57/25 धारा 64(1)/87/137(2) बीएनएस व 4(2) पास्को एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त महेन्द्र कुशवाहा पुत्र गयादीन कुशवाहा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मो0 मनोहरगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा को बस स्टैण्ड कस्बा श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. उ0नि0 निकिता शुक्ला
2. उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल
3. कां0 विकास सरोज

### गिरफ्तार अभियुक्त –

महेन्द्र कुशवाहा पुत्र गयादीन कुशवाहा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मो0 मनोहरगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा



## थाना कबरई की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा जनपद में अवैध शस्त्र के निर्माण व परिवहन पर प्रभावी रोकथाम अभियान के क्रम में आज दिनांक- 20.04.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर, श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई, श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी व0उ0नि0 मलखान सिंह मय हमराह उ0नि0 अनुज कुमार सिंह व हे0का0 अरविन्द कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान 01 नफर अभियुक्त मुमताज सौदागर पुत्र रमजानी निवासी मु0 इन्द्रानगर थाना कबरई जनपद महोबा उम्र करीब 19 वर्ष को थानाक्षेत्र के चन्द्रावल रोड गंगा मइया गौशाला के पास सड़क पर बहद मुहल्ला विशालनगर कस्वा व थाना कबरई जनपद महोबा से मय 01 अदद तमंचा 12 बोर नाजायज व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज की बरामदगी करते हुए गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कबरई में मु0अ0सं0 122/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. व0उ0नि0 मलखान सिंह
2. उ0नि0 अनुज कुमार सिंह 3. हे0कां0 अरविन्द कुमार

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

मुमताज सौदागर पुत्र रमजानी उम्र करीब 19 वर्ष निवासी मु0 इन्द्रानगर थाना कबरई जनपद महोबा ।

**बरामदगी-**

01 अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्द कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 20.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनपद के विभिन्न स्थानों में आग लगने की सूचना पर अग्निशमन टीम ने तत्परता पूर्ण कार्यवाही करते हुए लगी हुई आग पर पाया काबू, स्थानीय लोगों एवं ग्रामीणों ने की टीम की प्रशंसा-

आज दिनांक- 20.04.2025 को जनपद महोबा विभिन्न थानाक्षेत्र क्रमशः थाना श्रीनगर के ग्राम इमलिया, थाना कुलपहाड़ के ग्राम सतारी व थाना अजनर क्षेत्रांतर्गत खेतों की पराली में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा, श्री देवेश तिवारी के नेतृत्व एवं निर्देशन में फायर सर्विस की यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचकर देखा गया कि खेतों में पराली में काफ़ी बड़े क्षेत्र में आग लगी हुई थी।

मौके पर मौजूद मोटर फायर इंजन के माध्यम से पंपिंग कर आग बुझाने का कार्य किया गया। आग बुझाने के लिए पानी का स्थानीय साधन भी उपलब्ध रहा। फायर यूनिट एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया। गांव वालों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि आग किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाई गई है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। ग्रामीणों एवं स्थानीय लोगो ने पुलिस टीम की प्रशंसा कर आभार व्यक्त किया है।









**अपील:-**

जनपद महोबा में इस समय अत्यधिक गर्मी पड़ रही है और तेज हवाएँ भी चल रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में पराली में आग लगाना अत्यंत खतरनाक सिद्ध हो सकता है, जिससे खेत, फसल, संपत्ति और जीवन को भी नुकसान पहुँच सकता है।

फायर सर्विस जनपद महोबा सभी ग्रामीण नागरिकों से अपील करती है कि पराली में आग न लगाएं और यदि किसी स्थान पर आग लगती है, तो तत्काल निकटतम फायर स्टेशन या पुलिस को सूचित करें।

इस समय पराली में आग लगने की कई घटनाओं की सूचना प्राप्त हो रही है, जो चिंता का विषय है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि आग से संबंधित किसी भी गतिविधि में सावधानी बरतें और सुरक्षा में सहयोग करें।